HGH INDIA® 2019
HOME DECOR ■■■ GIFTS ■■■ HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019 MUMBAI, INDIA

NEWS 1
A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# ५०० भारतीय शहर, ३२ देशों के होम बिजनेस का मिलन

वर्ष २०१९/२० के लिए होम फैशन ट्रेंड्स की पूर्वानुमान से लेकर घरों के लिए ग्लोबल इनोवेशंस की शुरुआत तक; नए ट्रेड कनेक्शन के निर्माण से लेकर ३२ देशों से विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव होम प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग को सक्षम बनाने तक; एचजीएच इंडिया भारतीय बाज़ारों में व्यवसाय के रोमांचक अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय होम प्रोडक्ट्स से जुड़े सभी ट्रेड एवं इंडस्ट्री फिलहाल भारत की व्यवसायिक राजधानी, मुंबई में अपनी मौजूदगी दर्ज करने की तैयारी में ज़ोर-शोर से जुटी हुई है, ताकि होम प्रोडक्ट्स सेक्टर में इनोवेशंस, नए-नए सोर्सेज़ एवं व्यापार के अवसरों, विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स तथा मार्केट ट्रेंड का अच्छी तरह पता लगाया जा सके।


*एचजीएच इंडिया-२०१८ के दौरान हॉल ३ में हाउसवेयर सेक्शन का ओवरव्यू*


होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, हाउसवेयर एवं गिफ्ट्स के लिए भारत के सबसे लोकप्रिय ट्रेड शो, एचजीएच इंडिया २०१९ का ८वां वार्षिक संस्करण अपने एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स की उम्मीदों पर पूरी तरह ख़रा उतरेगा। एचजीएच इंडिया २०१९ का आयोजन २ से ४ जुलाई, २०१९ के दौरान किया जाएगा, जो ३२ देशों के ७०० ब्रांड्स, निर्माताओं एवं इम्पोर्टर्स को पूरे भारत के ५०० से अधिक शहरों एवं कस्बों के ३५,००० से अधिक भारतीय रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इम्पोर्टर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स और इंटीरियर डिज़ाइनरों के साथ जोड़ेगा। विज़िटर्स के मौजूदा प्री-रजिस्ट्रेशन ट्रेंड से पता चलता है कि, पिछले साल की तुलना में इस साल विज़िटर्स की संख्या अधिक होने की संभावना है।

बेड एंड बाथ, फर्निशिंग फैब्रिक्स, मैट्रेसेज़, डेकोरेटिव मेड-अप्स, कार्पेट, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर, हैंडीक्राफ्ट, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, कुकवेयर, किचन अप्लायंसेज, स्टोरेज एवं


> **जो ३२ देशों के ७०० ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स एवं इम्पोर्टर्स को पूरे भारत के ५०० से अधिक शहरों एवं कस्बों के ३५,००० से अधिक भारतीय रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इम्पोर्टर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स और इंटीरियर डिज़ाइनरों के साथ जोड़ेगा।**

टेबलवेयर के साथ-साथ होम टेक्सटाइल्स, हाउसवेयर, होम डेकोर एवं गिफ्ट्स जैसी श्रेणियों में विभिन्न प्रकार के होम प्रोडक्ट्स से जुड़े अग्रणी भारतीय ब्रांड्स यहां अपने प्रोडक्ट इनोवेशन एवं नई-नई डिज़ाइनों को प्रदर्शित करने तथा पूरे भारत में रिटेलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए अपनी नई ट्रेड स्कीम को लॉन्च करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। भारत भर के ५०० से अधिक शहरों एवं कस्बों के ट्रेड विज़िटर्स उनसे मिलने तथा वर्ष


एक्जीबिटर्स की संख्या में वृद्धि





विज़िटर्स की संख्या में वृद्धि




व्हिजिटर्स (व्यवसाय असलेले)




व्हिजिटर्स (जॉब प्रोफ़ाइल)




**इनोवेशन्स ■ ट्रेंड्स ■ प्रोडक्ट्स ■ स्रोत ■ अवसर**

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर तथा गिफ्ट्स का एक पर्यावलोकन

२०१९/२० के आने वाले बिज़नेस सीजन में व्यापार की संभावनाओं का पता लगाने के लिए इस अवसर का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, जीडीपी में लगभग ७% प्रतिवर्ष की वृद्धि के साथ भारत दुनिया में सबसे तेज़ी से विकसित होने वाले कंज़्यूमर मार्केट में से एक के तौर पर उभर कर सामने आया है। होम प्रोडक्ट्स की ज़्यादातर श्रेणियों में मांग में लगातार २०% प्रतिवर्ष की वृद्धि भारत को दुनिया के सबसे तेज़ी से विकसित होने वाले बाज़ारों में से एक बनाती है, और निश्चित तौर पर लंबे समय तक इसके बेहतर व्यवसायिक परिणाम मिलेंगे। इसी वजह से लगातार नए-नए ब्रांड्स, निर्माताओं, डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं रिटेलर्स भारत में अपने ब्रांड्स को पेश करने, अपना प्रोडक्शन बढ़ाने, अपनी डिज़ाइन को बेहतर बनाने एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट में सुधार करने तथा अपने रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के दायरे को बढ़ाने के लिए भारत में निवेश कर रहे हैं। १.३ बिलियन लोगों के बाजार में सफलता पाने के लिए ये कुछ बुनियादी बातें हैं। इसके अलावा, कई प्रमुख भारतीय एक्सपोर्ट्स एवं बड़े इंडस्ट्रियल हाउस भी भारतीय घरेलू बाज़ार को पहले से कहीं ज़्यादा गंभीरता से देख रहे हैं।

वर्ष २०१२ में अपनी स्थापना के बाद से ही एचजीएच इंडिया ने भारतीय बाज़ार पर विशेष ध्यान दिया है। भारत में होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर एवं गिफ्ट्स की ख़पत में बड़े पैमाने पर वृद्धि तथा बेहतर डिज़ाइन, बेहतर क्वालिटी, ब्रांडेड और लाइफ़स्टाइल से जुड़े होम प्रोडक्ट्स को लेकर भारतीय कंज़्यूमर्स की प्राथमिकताओं में बदलाव को देखते हुए, एचजीएच इंडिया ने अपने एक्ज़ीबिटर्स का ध्यान ऐसी कंपनियों पर केंद्रित कराने का प्रयास किया है, जो हमेशा नए-नए उत्पादों की तलाश में रहने वाले गंभीर ट्रेड विज़िटर्स को ये सारी चीज़ें प्रदान कर सकें।










इस बार भारत, चीन, तुर्की, यूरोप तथा मिडल-ईस्ट के २०० से अधिक नए एक्ज़ीबिटर्स शामिल होंगे तथा यहां विज़िटर्स नए-नए इनोवेशंस एवं प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज को देखने और एचजीएच इंडिया २०१९ के कई नए सप्लायर्स से मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रमुख ब्रांड्स तथा सभी रेग्युलर एक्ज़ीबिटर्स वर्ष २०१९-२० के लिए भारतीय बाज़ारों के संदर्भ में पहले से अनुमान लगाए गए ट्रेंड के अनुरूप अपने नए कलेक्शन को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

झेजियांग ब्रॉड इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्ज़ीबिशन कंपनी की ओर से चीन के ७० से अधिक एक्ज़ीबिटर्स के लिए एक बड़े पवेलियन की व्यवस्था की गई है, जहां होम टेक्सटाइल्स, हाउसवेयर, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स, किचन टूल्स, कुकवेयर, स्टोरेज, क्लीनिंग सॉल्यूशंस, क्रॉकरी एंड सेरामिक, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, वॉलपेपर्स, गिफ्ट्स और फैशन एक्सेसरीज के एक बड़े रेंज का प्रदर्शन किया जाएगा। हाउसवेयर, किचनवेयर और डेकोरेटिव एक्सेसरीज के लिए झेजियांग चीन का सबसे महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग हब है।

एचजीएच इंडिया २०१९ सभी चैनल पार्टनर्स, रिटेलर्स, ब्रांड्स,निर्माताओं एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के बीच होम प्रोडक्ट्स श्रेणी में मज़बूत संबंध स्थापित करना जारी रखेगा। एचजीएच इंडिया होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स के क्षेत्र में इंडियन मार्केट के लिए सोर्सिंग एवं ट्रेंड सेटिंग के सबसे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के तौर पर उभर कर सामने आया है और प्रोडक्ट्स, डिजाइन एवं डिमांड में लगातार हो रहे बदलाव और तेज़ी से विकास के बावजूद आज एचजीएच इंडिया एक ऐसा कार्यक्रम बन गया है, जहां इन सभी सेगमेंट में ट्रेड एवं इंडस्ट्री के सबसे ज़्यादा लोग शामिल होते हैं।

वर्ष २०१२ में अपने पहले एडिशन में १४० एक्ज़ीबिटर्स और ६,२०० विज़िटर्स से आगे बढ़ते हुए एचजीएच इंडिया ने वर्तमान में ६०० एक्ज़ीबिटर्स और ३४,९६० विज़िटर्स तक का एक लंबा सफ़र तय किया है, जो बेहद एस्पिरेशनल और यंग इंडियन मार्केट में इसकी प्रासंगिकता और मार्केट लीडरशिप को मज़बूती से स्थापित कर रहा है। एचजीएच इंडिया २०१९ अपनी स्थिति को और मज़बूत बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। साल-दर-साल इस ट्रेड शो में इंटरनेशनल एक्ज़ीबिटर्स और विज़िटर्स की दिलचस्पी काफी बढ़ी है, जो इंडियन मार्केट के साथ-साथ एचजीएच इंडिया की उच्च क्षमता को दर्शाती है।

इसलिए एचजीएच इंडिया २०१९ में अपनी विज़िट के लिए २ से ४ जुलाई, २०१९ की तारीखों को कैलेंडर में मार्क कर लें, ताकि आप तरक़्क़ी के लिए नवीनतम होम फैशन डिज़ाइन ट्रेंड्स, बिजनेस एवं मार्केट ट्रेंड्स, प्रोडक्ट इनोवेशंस, न्यू सोर्सेस तथा बिज़नेस अपॉर्चुनिटीज़ के साथ खुद को कनेक्ट कर सकें।

## ट्रेंड्स २०१९-२०

Flight of Fancy
फ्लाइट ऑफ़ फैंसी

The Flâneur
द फ्लानेउर

Juicy Beats
जूसी बीट्स

TRIBAL SAFARI
ट्राइबल सफारी

एचजीएच इंडिया के ट्रेंड्स, भारत के होम प्रोडक्ट मार्केट में कंज़्यूमर डिमांड पर सोशल एवं टेक्नोलॉजिकल बदलावों के प्रभाव को दर्शाते हैं।

एचजीएच इंडिया द्वारा हर साल आने वाले नए-नए रंगों, डिज़ाइनों, मैटेरियल्स एवं स्टाइल के बारे में पूर्वानुमान किया जाता है, जिनकी इंडियन मार्केट में होम फैशन एवं लाइफ़स्टाइल ट्रेंड्स में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार के ट्रेंड्स, आने वाले सीज़न के लिए होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर और हाउसवेयर रिटेलर्स, निर्माताओं, ब्रांड्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स एवं इंस्टीट्यूशनल बायर्स को डिज़ाइन के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।




इस साल एचजीएच इंडिया द्वारा अपार अकार की थीम के तहत वर्ष २०१९/२० के लिए ट्रेंड्स की पूर्वानुमान किया गया है, जो एक्ज़ीबिटर्स एवं विज़िटर्स के लिए उपयोगी साबित होगी क्योंकि वे इसकी मदद से एस्पिरेशनल इंडियन कस्टमर्स के बीच लोकप्रियता के अनुरूप अपने प्रोडक्ट्स की रेंज को पेश करने तथा सोर्स करने में सक्षम होंगे।

वर्ष २०१९/२० के लिए एचजीएच इंडिया के ट्रेंड्स का पूर्वानुमान, जर्मनी की एक अनुभवी डिज़ाइन टीम द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए रिसर्च पर आधारित है। कुल मिलाकर अपार आकार – यूनिवर्सल फ्यूचर इस साल की थीम है। इन ट्रेंड्स को चार सब-ग्रुप्स में बांटा गया है। ये इस प्रकार हैं: फ्लाइट ऑफ फैंसी पोटेंशियल ऑफड्रामा, द फ्लनेअर – पोटेंशियल ऑफ एलिगेंस, जूसी बीट्स – पोटेंशियल ऑफ प्ले तथा ट्राइबल सफारी – पोटेंशियल ऑफनेचुरल, जिसमें डिज़ाइन एलिमेंट्स मॉडर्न एवं ट्रेडीशनल एथनिक कल्चर का मिश्रण है।

हॉल नंबर १ में मौजूद ट्रेंड्स पवेलियन से आपको इन ट्रेंड्स को विस्तार से समझने तथा रियल प्रोडक्ट्स एवं रेंज प्लानिंग में इनके इस्तेमाल का अनुभव करने में मदद मिलेगी। इसलिए, अपने कॉम्पीटिटर्स से आगे रहने के लिए आने वाले फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप खुद को ढालने की इच्छा रखने वाले सभी रिटेलर्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स, ट्रेडर्स एवं इंडस्ट्री प्लेयर्स को इस पवेलियन का विज़िट जरूर करना चाहिए।

अपार अकार ट्रेंड्स को अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए एक ट्रेंड बुक में प्रस्तुत किया गया है, जिन्हें विज़िटर्स विभिन्न ट्रेंड बुक सेल्स प्वाइंट पर या एचजीएच इंडिया के ट्रेंड्स पवेलियन से ख़रीद सकते हैं। आप हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर ऑनलाइन ऑर्डर भी कर सकते हैं।

## एचजीएच इंडिया २०१९: ७०० ब्रांड और निर्माताओं के स्रोत से उपलब्ध

# झेजियांग से आए हैं ७० चीनी एक्जीबिटर्स

झेजियांग ब्रॉड इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्ज़िबिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से हाउसवेयर, होम डेकोर एवं गिफ्ट्स के सेक्टर से ७० चीनी एक्जीबिटर्स की एक रोमांचक समूह भागीदारी की व्यवस्था की गई है। झेजियांग प्रोविंस के इन एक्जीबिटर्स को यहां लाने का उद्देश्य इंडियन इंपोर्टर्स, रिटेलर्स एवं ट्रेड बायर्स के बीच उन्हें बढ़ावा देना है।

झेजियांग ब्रॉड ने दुनिया भर के सभी मार्केट में झेजियांग प्रोविंस के प्रोडक्ट्स को बेहद ज़ोर-शोर से प्रोत्साहन दिया है।




एचजीएच इंडिया २०१९ में, हॉल २ और हॉल ३ में बने झेजियांग पवेलियन में एक्जीबिटर्स विभिन्न प्रकार के डेकोरेटिव मेड-अप्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टन्स, बेड एंड बाथ, टेबल एंड किचन लिनन, वॉलपेपर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, क्रॉकरी एंड टेबलवेयर, स्टोरेज एंड प्लास्टिक, किचनवेयर, किचन अप्लायंसेज़, कुकवेयर, होम अप्लायंसेज़, गिफ्ट्स, जनरल हाउसवेयर, ट्रैवल गुड्स, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स, बेबीज़ एंड किड्स, आउटडोर टेंटिंग तथा कैंपिंग प्रोडक्ट्स के विकल्पों को प्रदर्शित करेंगे। कुछ कंपनियों द्वारा विभिन्न प्रकार के गिफ्ट्स एवं फैशन एक्सेसरीज़ भी दिखाए जाएंगे।

चाइनीज़ एक्जीबिटर्स भारत में बेबीज़ एंड किड्स मार्केट की लगातार बढ़ती डिमांड तथा तेज़ी से विकसित होने वाली अलग-अलग श्रेणियों के लिए कई इनोवेटिव सॉल्यूशंस के साथ उपस्थित होंगे। इसके अंतर्गत गिफ्ट पैक सहित हैंडमेड वुडन और पीयू टॉयज़, पज़ल्स, डीआईवाई प्रोडक्ट्स, आर्टफैक्ट्स तथा गारमेंट्स शामिल होंगे।

इनमें से कई कंपनियों को अलग-अलग रिटेलर्स एवं ब्रांड्स के लिए प्राइवेट लेबल वाले प्रोडक्ट्स के निर्माण के अलावा, इंपोर्टर्स एवं लंबे समय के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स की तलाश होगी।

भारत के नज़रिए से, चीन को इंपोर्टर्स, ब्रांड्स और रिटेलर्स द्वारा एक किफायती, इनोवेटिव एवं भरोसेमंद सप्लायर के तौर पर देखा जाता है और इसलिए यह ऊपर बताए गए प्रोडक्ट्स की सभी रेंज में उनके लिए सोर्सिंग का एक बेहतरीन मौका होगा।

### चीन से आने वाले छह अन्य एक्जीबिटर्स

झेजियांग प्रोविंस के एक बड़े पवेलियन के अलावा, एचजीएच इंडिया में चीन के विभिन्न हिस्सों से आने वाली कई कंपनियां भी अपने प्रोडक्ट्स को दिखाएंगी। इनमें ब्लाइंड्स की पेशकश करने वाली ३ कंपनियां, वैक्यूम बॉटल्स एवं फ्लास्क की पेशकश करने वाली २ कंपनियां तथा टॉवल, किचन लिनन, किचन टॉवल, घरेलू सफाई के लिए स्पंज और पीवीसी शॉवर कर्टन्स एवं टेबल मैट जैसे प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने वाली १ कंपनी शामिल है। इसलिए, इस साल का यह शो भारतीय इंपोर्टर्स एवं रिटेलर्स के लिए चीन से सोर्सिंग का बेहद विस्तृत विकल्प प्रदान करेगा।

---

Indian heritage

HANDICRAFTS | KHADI | COIR | JUTE

## हैंडीक्राफ्ट्स ▪ कार्पेट ▪ खादी ▪ कॉयर ▪ जूट




एक देश के तौर पर भारत के पास हैंडमेड एवं हैंड वोवन प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में महारत हासिल है तथा इन्हें बनाने में नेचुरल मैटेरियल्स एवं ट्रेडिशनल स्किल्स का प्रयोग होता है और किसी भी दूसरे देश से इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। इस प्रकार के बेहद अहम एवं क्रिएटिव प्रोडक्ट्स को अक्सर दुनिया भर के मार्केट में एक्सपोर्ट किया जाता है तथा ये इंडियन कंज़्यूमर्स तक नहीं पहुँचते हैं, क्योंकि भारत में रिटेलर्स एवं होलसेलर्स अलग-अलग क्लस्टर में इस तरह के प्रोडक्ट को बनाने वाले कारीगरों, क्राफ्ट्समैन एवं बुनकरों के साथ अच्छी तरह से नहीं जुड़े होते हैं।

एचजीएच इंडिया की ओर से पिछले साल ब्रांड्स इंडियन हेरिटेज के तहत एक नए कैंपेन की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स, हैंडमेड रग्स एवं कार्पेट, कॉयर, जूट, तथा खादी जैसे प्रोडक्ट्स को एक ही छत के नीचे लाया जाता है। इसकी शुरुआत के पीछे का विचार यह है कि, ऐसे प्रोडक्ट्स को बड़े पैमाने पर मशीनों के ज़रिए बनाए गए प्रोडक्ट्स से अलग किया जाए, ताकि खरीदार हाथ से बने एवं मशीन से बने प्रोडक्ट्स के इस अंतर को पहचानने के साथ-साथ अपने हेरिटेज एवं सामाजिक-आर्थिक मूल्य को समझने में सक्षम हो सकें।

विज़िटर्स के साथ-साथ एक्जीबिटर्स ने भी इस कैंपेन की खूब तारीफ़ की है, जिसने एचजीएच इंडिया को कैंपेन के इस शो में स्थाई तौर पर शामिल करने तथा इंडियन हेरिटेज के कॉन्सेप्ट को बढ़ावा देने के लिए और कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कॉन्सेप्ट के तहत, एचजीएच इंडिया नेशनल अवॉर्ड प्राप्त करने वाले क्राफ्ट्समैन एवं कार्पेट विवर्स द्वारा अलग-अलग तरह के आर्ट एवं क्राफ्ट स्किल्स के लाइव डेमन्स्ट्रेशन को प्रायोजित करेगा। होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स, हाउसवेयर एवं गिफ्ट्स में हैंडलूम, कार्पेट, मेटल, ग्लास, वुड और अन्य क्राफ्ट्स के प्रयोग को विभिन्न थीम पवेलियन के साथ-साथ २०१९/२० के लिए एचजीएच इंडिया द्वारा व्यवस्थित ट्रेंड्स पवेलियन में प्रदर्शित किया जाएगा।

एचजीएच इंडिया-२०१९ में, इंडियन हेरिटेज इनिशिएटिव को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के विभिन्न मिनिस्ट्री, डिपार्टमेंट्स एवं इंस्टीट्यूशंस का सहयोग हासिल है। मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स के तहत डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडीक्राफ्ट्स, मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई के तहत नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीस कॉर्पोरेशन (एनएसआइसी), कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल (सीइपीसी), एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (इपीसीएच), कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केसीसीआइ), कॉयर बोर्ड, नेशनल जूट बोर्ड, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन (केवीआइसी), कोहांड्स, हैंडीक्राफ्ट्स मेगा क्लस्टर मिशन (एचएमसीएम) तथा नॉर्थ ईस्ट रीजन की ओर से अपने सदस्यों, कारीगरों, बुनकरों और क्राफ्ट्स पर्सन्स की सामूहिक भागीदारी का आयोजन किया जा रहा है, जो इंडियन रिटेलर्स एवं होलसेलर्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए अपने स्टोर या थोक ज़रूरतों के लिए अपने एक्सक्लूसिव हैंड मेड प्रोडक्ट्स को सोर्स करने के असीम अवसर उपलब्ध कराता है।

एचजीएच इंडिया २०१९ के इंडियन हेरिटेज सेक्शन में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा भी अपने-अपने राज्यों से लोकल कार्पेट विवर्स, हैंडीक्राफ्ट बनाने वालों, हैंडलूम विवर्स, एंब्रॉयडरी एक्सपर्ट्स आदि की भागीदारी का समर्थन किया जा रहा है।

अपने स्टोर्स के लिए यूनीक प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग की तलाश कर रहे एचजीएच इंडिया के विज़िटर्स को निश्चित रूप से कुछ समय हॉल १ और हॉल २ में इंडियन हेरिटेज बूथों पर बिताना चाहिए।

**एचजीएच इंडिया २०१९**
**विज़िटर्स का समय**
२ जुलाई, १९: सुबह ९ बजे से शाम ६.३० बजे तक
३ जुलाई, १९: सुबह ९ बजे से शाम ६.३० बजे तक
४ जुलाई, १९: सुबह ९ बजे से शाम ५ बजे तक

# अनरजिस्टर्ड विज़िटर्स को एंट्री के लिए शुल्क का भुगतानकरना होगा

पिछले साल से, एचजीएच इंडिया में फ्री एंट्री के लिए विज़िटर रजिस्ट्रेशन सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन हो चुका है। गैर व्यापारिक विज़िटर्स को रोकने तथा प्री-रजिस्टर्ड बिज़नेस विज़िटर्स के लिए समय एवं प्रयास को बचाने के लिए, एचजीएच इंडिया द्वारा अब वेन्यू पर फ्री रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं दी जाएगी और यह बात एक्जीबिटर्स या ऑर्गनाइज़र्स की ओर से ऑफिशियल इन्विटेशन कार्ड के साथ आने वाले ट्रेड विज़िटर्स पर भी लागू होगी। जैसा कि, इन कार्डों में बताया गया है, फ्री एंट्री के लिए विज़िटर्स को २० जून, २०१९ से पहले ऑनलाइन प्री-रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंपोर्टर्स, ट्रेडर्स, ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स, डिज़ाइनर्स, आर्किटेक्ट्स, बाइंग ऑफिसेस तथा होम टेक्साटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर एवं गिफ्ट सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनल्स एचजीएच इंडियाकी वेबसाइट www.hghindia.com पर २० जून, २०१९ से पहले फ्री विज़िटर एंट्री के लिए योग्य हैं। उन्हें विज़िटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा और वेबसाइट पर बताए गए स्टेप्स का पालन करना होगा। किसी भी तरह की परेशानी होने पर उन्हें visitors@hghindia.com पर ई-मेल भेजना चाहिए। ऐसी स्थिति में आप श्री अमर शर्मा, टेलीफोन: +९१ (२२) २४२१ ४१११ या मोबाइल: +९१९३२१४ ७५८८२ अथवा एलाका अंसारी मोबाइल: +९१ ९९३०१७२९७३ से भी संपर्क कर सकते हैं।

सभी प्री-रजिस्टर्ड विज़िटरों को एचजीएच इंडिया में प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर्स डेस्क पर जाना चाहिए तथा अपने क्यूआर कोड को स्कैन करके या एचजीएच इंडिया ऑफिस से भेजे गए एसएमएस और ई-मेल द्वारा प्राप्त रेफरेंस नंबर को दर्ज करके अपने एंट्री कार्ड को मुफ्त में प्रिंट कराना चाहिए।

प्री-रजिस्ट्रेशन के बिना सीधे आने वाले अन्य सभी विज़िटरों को स्थल पर विज़िटर रजिस्ट्रेशन फी के तौर पर प्रति विज़िटर ₹१,०००/- का भुगतान करना होगा तथा इस राशि का भुगतान कैश, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या पेटीएम द्वारा किया जा सकता है।


HGH INDIA 2019
HOME DECOR ■ GIFTS ■ HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019
BOMBAY EXHIBITION CENTRE, MUMBAI

## ट्रेड विज़िटर्स!
## २० जून, २०१९ तक ऑनलाइन रजिस्टर करें और ₹१,०००/- एंट्री फी की बचत करें

मुंबई में २-४ जुलाई, २०१९ के दौरान एचजीएच इंडिया २०१९ का आयोजन होगा
७०० से अधिक ब्रांड्स एवं निर्माताओं के
इनोवेटिव, हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स पर एक नज़र...
जो २०१९/२० के लिए फैशन एवं लाइफ़स्टाइल ट्रेंड्स के पूर्वानुमानों से प्रेरित हैं
अपने कॉम्पीटीटर्स से पहले उन्हें सोर्स करें




**होम डेकोर** सीलिंग, वॉल्स, विंडोस, फ्लोर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, लाइफ़स्टाइल **होम टेक्सटाइल्स**, स्लीपिंग, बाथ, टेबल एंड किचन, लिविंग, फ्लोर्स, फर्नीशिंग, डेकोर **गिफ्ट्स** कॉर्पोरेट, पर्सनल, फेस्टिव **हाउसवेयर** कुकवेयर, किचन अप्लायंसेज, टेबलवेयर, बाथरूम, मेंटेनेन्स, क्लीनिंग, स्टोरेज, आउटडोर

### विशेष लाभ का आनंद लें

- एचजीएच इंडिया में फ्री एंट्री पाएं
- प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर के रूप में वेन्यू पर अपना बैज पाने के लिए समय बचाएं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद आपको भेजे गए प्री-रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड की मदद से आप अपना बैज प्रिंट कर सकते हैं।
- एचजीएच इंडिया २०१९ कैटलॉग की एक फ्री कॉपी
- बोनाफाइड विज़िटर्स के लिए एचजीएच इंडिया के कॉम्प्लीमेंट्री हॉट लाउंज, फ्रूट लाउंज, आइसक्रीम लाउंज, पॉप कॉर्न लाउंज, फुट स्पा लाउंज और शटल बस सर्विस एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस मौके का फायदा उठाने तथा स्पॉट रजिस्ट्रेशन फी को सेव करने के लिए, आप हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर २० जून, २०१९ से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

### फ्री विज़िटर रजिस्ट्रेशन के लिए गाइडलाइंस

- फ्री विज़िटर एंट्री केवल प्री-रजिस्टर्ड बोनाफाइड ट्रेड विज़िटर्स के लिए है, जिन्होंने www.hghindia.com पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है।
- जिन ट्रेड विज़िटर्स को इनविटेशन मिला है, अगर वे ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करते हैं तो वे भी ट्रेड शो वेन्यू पर फ्री स्पॉट रजिस्ट्रेशन के हकदार नहीं हैं।
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले सभी विज़िटरों को ट्रेड शो में एंट्री के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन फी के तौर पर प्रति विज़िटर ₹१,०००/- का भुगतान करना होगा।
- ऑनलाइन विज़िटर रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख़ : **२० जून, २०१९** है।

### फ्री एंट्री के चरण

१. हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर जाएँ
२. होम पेज पर विज़िटर्स पर क्लिक करें
३. ऑनलाइन विज़िटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को पूरा करें
४. ई-मेल और एसएमएस के ज़रिए अपना विज़िटर रजिस्ट्रेशन नंबर तथा क्यूआर कोड प्राप्त करें, जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है
५. अगर पिछले वर्षों में आपने एचजीएच इंडिया विज़िटर के तौर पर रजिस्ट्रेशन कराया है, तो कृपया अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी दर्ज करें, जिससे एचजीएच इंडिया २०१९ के लिए आपका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कम समय में ही रिन्यू हो जाएगा
६. ट्रेड शो में अपने रजिस्ट्रेशन नंबर या क्यूआर कोड को अपने मोबाइल में या प्रिंट फॉर्मेट में ले जाएं
७. अपने बैज को प्रिंट करने के लिए, एचजीएच इंडिया २०१९ में हॉल १ या हॉल ३ में प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर्स डेस्क पर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाएं या फिर अपना क्यूआर कोड स्कैन करें

### ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें

१) एंट्री बैज, एचजीएच इंडिया में फ्री एंट्री के लिए आपकी व्यक्तिगत अधिकार को दर्शाता है और यह पूरी तरह से नॉन-ट्रांसफरेबल है
२) अगर पिछले वर्षों में आपने एचजीएच इंडिया विज़िटर के तौर पर रजिस्ट्रेशन कराया है, तो कृपया ऑर्गनाइजर्स से अपना रेफरेंस नंबर प्राप्त करें तथा एचजीएच इंडिया २०१९ के लिए अपने रजिस्ट्रेशन को ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए उसका इस्तेमाल करें
३) एचजीएच इंडिया-२०१९ में फ्री एंट्री के लिए पिछले सभी विज़िटर्स के लिए अपने रजिस्ट्रेशन को रिन्यू करना अनिवार्य है। रिन्यू नहीं होने पर, स्पॉट रजिस्ट्रेशन फी के तौर पर प्रति विज़िटर ₹१,०००/- का भुगतान करना होगा
४) एचजीएच इंडिया पूरी तरह से एक ट्रेड शो है। इसलिए यहां कंज्यूमर्स को एंट्री नहीं दी जाती है। यहां किसी भी तरह से रिटेल परचेज़ की भी अनुमति नहीं है। अगर आप रिटेल परचेज़ करते हुए पाए जाते हैं, तो आपको एक विज़िटर के तौर पर डिसक्वालीफाई किया जा सकता है
५) १५ साल से कम उम्र के बच्चों को एंट्री नहीं दी जाएगी
६) ऑर्गनाइजर्स अपने विवेकाधिकार के आधार पर किसी भी विज़िटर को अंदर आने की अनुमति नहीं देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं

अधिक जानकारी और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए, कृपया संपर्क करें
मुंबई: टेलीफोन: +९१ (२२) २४२१ ४१११ फैक्स: +९१ (२२) २४२१ ४११६ दिल्ली: टेलीफोन: +९१ (११) २५७१ ४१११ फैक्स: +९१ (११) २५७१ ४११६
अमर शर्मा मोबाइल.: +९१ ९९ ६७६ ००२८६ / एलाका अंसारी मोबाइल.: +९१ ९९ ३०१ ७२९७३. ई-मेल: visitors@hghindia.com

पंजीयन के लिए: www.hghindia.com ■ टेलीफोन मुंबई: +९१ २२ २४२१ ४१११ ■ दिल्ली: +९१ ११ २५७१ ४१११ ■ ईमेल: visitors@hghindia.com